Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 07-03-2006

Participants : Singh Shri Prabhunath

an>

Title : Reported death of three persons in the Stampede at New Delhi Railway Station while boarding Swatantra Senani Express on 5 March, 2006.

श्री प्रभुनाथ सिंह : मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकृट कराना चाहता हूँ कि 5 मार्च, 2006 को रात्रि के लगभग दस बजे स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस, जो दिल्ली से दरभंगा के लिए जा रही थी, यात्री ट्रेन पकड़ने के लिए रेलवे स्टेशन पर गए हुए थे और रेलवे प्रशासन के द्वारा उचित व्यवस्था न होने के कारण वहां पर धक्का-मुक्की हुई। अखबारों के अनुसार इस घटना में चार व्यक्ति अब तक मर चुके हैं और तीन-चार व्यक्ति अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं।

महोदय, यह घटना कोई पहली घटना नहीं है, इसके पहले भी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर इस तरह की घटना हुई है। रेलवे प्रशासन इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए कोई समुचित व्यवस्था नहीं कर पाता है, जिसकी वजह से बिहार जाने वाले गरीब-मजदूर बराबर इस तरह के हादसों के शिकार होते रहते हैं। रेल मंत्रालय द्वारा की गयी घोाणा, जिसे हमने अखबारों में पढ़ा है, में घायलों के इलाज के लिए पांच-पांच हजार रूपए सरकार की ओर से देने की बात कही गयी है, लेकिन मृतकों के सम्बन्ध में इस घोाणा में कुछ भी नहीं कहा गया है। इसके साथ ही इस घटना की जांच के लिए डीआरएम की अध्यक्षता में एक कमेटी बनायी गयी है। चूंकि इस तरह की दुर्घटना के लिए वहां के वरिठ पदाधिकारी ही जिम्मेदार होते हैं और डीआरएम वहां इन कार्यों की देखभाल करते हैं, इसलिए वहां जांच करके जिन लोगों पर जिम्मेदारी तय होनी चाहिए थी उन्हीं लोगों से जांच कराया जाना किसी भी तरह से उचित नहीं है। इसलिए मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से यह कहना चाहूंगा कि इस घटना में मारे गए लोगों के आश्रितों को पांच-पांच लाख रूपए मुआवजे के रूप में दिए जाएं और घटना की जांच के लिए इस सदन की एक कमेटी बनाई जाए। भविय में इस तरह की घटना न हो सके इसके लिए जांच की जाए और दोाी लोगों को चिह्नित करके दण्डित किया जाए। इसके साथ ही मैं यह भी कहना चाहूंगा कि अगर रेल मंत्री जी इस तरह की घटनाओं को नहीं रोक पाते हैं तो उनको अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए और भूतपूर्व प्रधानमंत्री एवं रेलमंत्री रहे स्व0श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के उदाहरण का पालन करना चाहिए।...(व्यवधान)

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : एनडीए के कार्यकाल में कितनी रेल दुर्घटनाएं हुई थीं, उनका भी जिक्र कीजिए।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: You should not be so touchy. Yes, Prof. Vijay Kumar Malhotra.

… (*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Except the submission of Prof. Malhotra, nothing else will be recorded.

*(Interruptions)** …

---

* Not Recorded.

MR. SPEAKER: Please co-operate with the Chair.

… (*Interruptions*)

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा: अध्यक्ष जी, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई यह घटना बहुत ही दर्दनाक एवं दुर्भाग्यपूर्ण थी। उस स्टेशन से स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस रेलगाड़ी जाने वाली थी। अनारक्षित डिब्बों में चढ़ने के लिए लोग दौड़े, तो वहां रेलवे द्वारा रखे गए बक्सों के फलस्वरूप भगदड़ मच गई और चार लोग कुचलकर मर गए एवं बीसीयों घायल हुए।

MR. SPEAKER: No running commentary please.

… (*Interruptions*)

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा : लालू जी ने रेल बजट पेश करते हुए बड़े जोरशोर से घोाणा की थी कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन को इंटरनेशल लेवल का स्टेशन बनाया जाएगा। वहां पर ई-मेल की, साइबर कैफे की व्यवस्था करेंगे। जब लालू जी वहां उद्घाटन करने गए थे, उस वक्त भी सीढ़ियों पर पांच व्यक्ति कुचलकर मर गए थे। रेलवे स्टेशंस और ट्रेंस की सुरक्षा तथा सेफ्टी पर ध्यान न देकर वहां पर वैंडिंग मशींस लगाई जा रही हैं और सभी स्टेशंस का आधुनिकीकरण करने की बात की जा रही है। लेकिन इस सम्बन्ध में जो आश्वासन दिए थे, वे पूरे नहीं हुए। हमारी मांग है कि मृतकों के आश्रितों को पांच-पांच लाख रुपए देने चाहिए और लालू जी को इस घटना की जिम्मेदारी स्वयं वहन करनी चाहिए।

श्री ब्रजेश पाठक (उन्नाव) : हमने भी नोटिस दिया है।…(व्यवधान)

SHRI BASU DEB ACHARIA (BANKURA): Sir, when would my turn come?

MR. SPEAKER: I have here a list of 44 Members who have given notice. Everybody has given notice and please tell me as to how I can call all the 44 Members together. Please show me the way.

… (*Interruptions*)